**प्रेस विज्ञप्ति**

**लोक भवन, राँची**

**दिनांक : 16 सितम्बर, 2026 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज लोक भवन में ऑस्ट्रेलिया के महावाणिज्यदूत (कॉन्सुल जनरल) श्री बर्नार्ड लिंच (Mr Bernard Lynch) ने शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय एवं महावाणिज्यदूत श्री बर्नार्ड लिंच के बीच भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों के साथ-साथ झारखण्ड के पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा एवं कौशल विकास सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस क्रम में कहा गया कि भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा मिलने से झारखण्ड राज्य को भी विभिन्न क्षेत्रों में लाभ मिल सकता है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि झारखण्ड पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध राज्य है। यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़, झील-झरने, जलाशय, वन क्षेत्र तथा समृद्ध जनजातीय एवं सांस्कृतिक विरासत पर्यटकों को आकर्षित करती है।